E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022**............................ 1378 भू0 09/02/2022

**आदेश**

प्रस्तुत वाद "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" के अंतर्गत खुशबू (Emp. ID No.- AEN01329), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, नालंदा द्वारा दाखिल अपील में अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार ने दिनांक– 26.08.2022 के आदेश द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा पारित आदेश सं0–1628 दिनांक–02.07.2022 को रद्द करते हुए वाद को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को Remand किया गया है।

वाद की सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना आवेदिका को ईमेल द्वारा दी गई। आवेदिका उपस्थित।

खुशबू (Emp. ID No.- AEN01329), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का कथन है कि मैं बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा के सरमेरा, शिविर–01 में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर कार्यरत थी। मुझको राजस्व ग्राम–बल्लोपुर प्यारेपुर, थाना नं0–83 आवंटित था। जिसका किस्तवार कार्य दिनांक– 29.06.2022 को पूर्ण कर दिया गया था। दिनांक–05.05.2022 को निदेशालय द्वारा बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा में सभी शिविर के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत देखा गया कि जिस शिविर के कार्य प्रगति ठीक नहीं थी, उसे निदेशक महोदय के द्वारा बोला गया कि आप अपने काम में तेजी लाए, जिससे सर्वेक्षण कार्य ससमय समाप्त किया जा सकें। दिनांक– 11.05.2022 को सहायक निदेशक के द्वारा "कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य में अभिरूचि न लेने के संबंध में मुझसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी। दिनांक– 13.05.2022 को मेरे ई–मेल engineer.khushi510@gmail.com" से सर्वे directorlrs@gmail.com पर स्पष्टीकरण का जबाव भेज दिया गया। दिनांक– 02.06.2022 को निदेशालय द्वारा ज्ञापांक–1628 दिनांक–02.07.2022 के तहत् मेरी संविदा अनुबंध रद्द करने का आदेश दिया गया है। मैं अपने ईमेल पर जाकर देखा की मेरा स्पष्टीकरण का जबाव नेटवर्क समस्या होने या तकनीकी समस्या होने के कारण आउटबॉक्स में ही रह गया, जिससे मैं अवगत नहीं थी। मेरे द्वारा बहुत बड़ी भूल हो गई, जिसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ तथा भविष्य में सभी सर्वे कार्य ससमय करने का आंश्वासन देती हूँ।

सुश्री खुशबू ने अपने पूरक आवेदन में उल्लेख किया है कि विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा एक पक्षीय प्रतिवेदन निदेशक को समर्पित किया गया है। उक्त प्रतिवेदन की प्रति हमे उपलब्ध नहीं कराई गई। विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं बन्दोबस्त पदाधिकारी ने प्राकृतिक आपदा (बाढ़, बरसात), पंचायती चुनाव एवं अन्य राजस्व ग्रांम में शिविर प्रभारी के आदेश से काम करना तथा अन्य अपरिहार्य कारणों से हुई विलंब संबंधी कारण अपने प्रतिवेदन में अंकित नहीं किया गया है। निदेशक के आदेश से स्पष्ट है कि कारण पृच्छा में दिये गये तथ्यों पर विचार नहीं किया गया तथा प्रतिवेदन के आधार पर संविदा रद्द करने संबंधी आदेश पारित किया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। संविदा पर नियुक्ति के पश्चात् संविदा रद्द करने संबंधी आदेश निर्गत होने के पूर्व तक मेरे द्वारा अपने दायित्त्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक किया गया तथा कभी मुझसे कार्य शिथिलता संबंधी कारण पृच्छा नहीं की गयी है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पूर्व की भाँति विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर कार्य करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाय।

आवेदिका द्वारा अपने कृत्य के संबंध में माफी मांगने एवं भविष्य में सर्वे कार्य ससमय करने के आश्वासन देने के कारण सुश्री खुशबू (Emp. ID No.- AEN01329), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन को तीन माह के मानदेय राशि की कटौती कर संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है। साथ ही सुश्री खुशबू की बर्खास्तगी की तिथि से योगदान की तिथि के बीच की अवधि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

ह0 / –
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022 1378 पटना, दिनांक :– 09/02/2023

प्रतिलिपिः– सुश्री खुशबू (Emp. ID No.- AEN01329), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email- engineer.khushi510@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23
(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022 1378 पटना, दिनांक :– 09/02/2023

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022 1378 पटना, दिनांक :– 09/02/2023

प्रतिलिपिः– संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/2/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022 1378 पटना, दिनांक :– 09/02/2023

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

8/2/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील –01 / 2022 1378 पटना, दिनांक :– 09/02/2023

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

8/2/23
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप